# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 19.02.2025** **समय : 1905**

- **ज्ञानेश कुमार ने नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार संभाला– कहा राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है और प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए।**
- **ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–सरकार ने ग्रामीण सशक्तिकरण के लिए कई क्रांतिकारी योजनाएं शुरू कीं।**
- **भारतीय रिजर्व बैंक ने 'आर बी आई डेटा' नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया –यह लोगों को अर्थव्यवस्था से संबंधित आर्थिक और वित्तीय आंकड़े उपलब्ध कराएगा।**
- **द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने जंगलीघाट स्कूल और शमशान घाट के बीच सड़क मरम्मत करने का अनुरोध किया है।**

<><><><><><><>

ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। श्री कुमार ने इस पद पर राजीव कुमार का स्थान लिया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद अपने संदेश में उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है और भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए। जिसने अट्ठारह वर्ष की आयु पूरी कर ली है, उसे हमेशा मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान, चुनावी कानूनों, नियमों और उसमें जारी निर्देशों के अनुसार, चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।

इससे पहले, श्री कुमार पन्द्रह मार्च, दो हजार चौबीस से चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। चुनाव आयुक्त के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, अट्ठारहवीं लोकसभा और जम्मू–कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली की विधानसभाओं के लिए चुनाव हुए। केरल कैडर के उन्नीस सौ अट्ठासी बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, ज्ञानेश कुमार के पास केंद्र और राज्य दोनों सरकारों में काम करने का अनुभव है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्रालय और सहकारिता मंत्रालय में सचिव के रूप में भी कार्य किया है।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने ग्रामीण नागरिकों के जीवन को अधिक आरामदायक बनाने के लिए कई क्रांतिकारी योजनाए शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है। श्री सिंह ने नई दिल्ली में अफ्रीकी–एशियाई ग्रामीण विकास संगठन के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत आरडो के बहुपक्षीय मंच के माध्यम से ज्ञान, तकनीकी विशेषज्ञता और नीतियों का आदान–प्रदान करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत आरडो को अपने समर्थन के साथ ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाएगा।

इस दौरान श्री सिंह ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, एक पेड़ मां के नाम अभियान और लखपति दीदी जैसी योजनाओं पर बात की। उन्होंने कहा कि आज देश न केवल खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है, बल्कि दूसरे देशों की मदद भी कर रहा है। मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से लगभग दस करोड़ महिलाओं को पचास हजार करोड़ से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगभग एक करोड़ पच्चीस लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने 'आरबीआईडेटा' नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है, जो लोगों को भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित व्यापक आर्थिक और वित्तीय आंकड़े उपलब्ध कराएगा। बैंक ने एक बयान में कहा कि यह ऐप भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित आर्थिक डेटा की ग्यारह हजार से अधिक विभिन्न श्रृंखलाएं उपलब्ध कराएगा। उपयोगकर्ता डेटा डाउनलोड भी कर सकते हैं। ऐप में डेटा के स्रोत का विवरण भी शामिल है। इसमें एक लोकप्रिय रिपोर्ट खंड भी है, जिसमें बार–बार देखी जाने वाली रिपोर्टों की श्रृंखला शामिल है। ऐप के जरिये उपयोगकर्ताओं अपने आसपास बीस किलोमीटर के क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान और अरुणाचल प्रदेश स्थित क्यारी ने संयुक्त रूप से आज "वैज्ञानिक सुअर पालन और पिगलेट वितरण" पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के कुल तिहत्तर किसान शामिल हुए। एनआरसी ऑन याक के निदेशक डॉ. मिहिर सरकार ने अपने संबोधन में किसानों को सुअर पालन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सुअर पालन के लाभ पर

भी प्रकाश डाला। श्री विजयपुरम के क्यारी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार डे ने प्रशिक्षुओं को जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में देशी नस्लों के महत्व और शून्य बजट मॉडल के माध्यम से सूअर पालन के आर्थिक लाभों के बारे में जानकारी दी। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. देबाशीष भट्टाचार्य ने सूअरों में स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और वन हेल्थ कार्यक्रम के तहत रोग की रोकथाम पर चर्चा की। एनआरसी ऑन याक के वैज्ञानिक डॉ. शुभम लोत ने याक किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए विषय के महत्व पर प्रकाश डाला। संवाद सत्र के दौरान, किसानों के आर्थिक लाभ के लिए बधियाकरण के महत्व पर जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने जंगलीघाट में आयुष अस्पताल से होते हुए जंगलीघाट स्कूल और शमशान घाट के बीच सड़क की खस्ता हालत के संबंध में लोक निर्माण विभाग के सचिव और मुख्य अभियंता, को पत्र लिखा है। अपने पत्र में सांसद ने यात्रियों को होने वाली कठिनाइयों का हवाला देते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत और नवीनीकरण का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सड़क की खराब स्थिति के कारण, लोगों को दुर्घटनाओं और आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने बताया कि बाजार क्षेत्र से शमशान घाट तक उचित जल निकासी सुविधाओं की कमी के कारण बरसात के मौसम में जलभराव होता है, जिससे सड़क के बुनियादी ढांचे को और नुकसान पहुंचता है। उन्होंने भविष्य में होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सड़क की मरम्मत के साथ–साथ आवश्यक जल निकासी व्यवस्था करने का भी आग्रह किया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित बंगाली क्लब के पास बिग्गी लाइन में कल रात एक आवासीय घर में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ियों को तुरंत कार्रवाई के लिए भेजा गया। मौके पर पहुंच कर कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोक लिया। विभाग ने आम जनता को सलाह देते हुए कहा है कि वे बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अग्नि सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक रहें। आग या आपातकाल की स्थिति में अंडमान और निकोबार अग्नि और आपातकालीन सेवा नियंत्रण कक्ष के फोन नम्बर 101, 112, या 232325 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पहाड़गांव थाना पुलिस ने आभूषण चोरी के एक मामले को सुलझा लिया है। महावीर नगर में एक आवास से सोने के आभूषणों की चोरी के संबंध में चार फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पहाड़गांव थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम ये जांच कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से डेढ़ लाख रुपये से अधिक मूल्य के चोरी हुए आभूषण बरामद की गई। दक्षिण अंडमान पुलिस नागरिकों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। आम जनता से किसी भी अपराध या अवैध गतिविधियों से संबंधित जानकारी पुलिस को 112, 232100 और 236641 पर सूचित करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आगामी स्वामी विवेकानन्द अंडर–20 पुरूष राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। चयन ट्रायल जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फुटबॉल मैदान में दो मार्च को सुबह नौ बजे से आयोजित होगा। इसमें एक जनवरी दो हजार छः से इक्कतीस दिसम्बर दो हजार आठ के बीच जन्मे खिलाड़ी चयन ट्रायल के साथ–साथ फुटबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

<><><><><><><>